HINDI

अपठित गद्यांश

Name: ____________________ Date:_____________ Class: IV Sec: ___

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए -

एक बार शिवाजी ने मुग़लों के एक बड़े किले पर आक्रमण कर दिया । वहाँ मुगलों की सेना बड़ी संख्या में और सतर्क थी । शिवाजी की हार हुई और उनके बहुत सिपाही मारे गए । कुछ बचे-खुचे लोंगों के साथ शिवाजी भाग निकले । चलते-चलते वे एकदम थक गए । उनका शरीर शिथिल हो गया और पैर आगे बढ़ने से इनकार करने लगे । हारकर वे एक बुढ़िया के घर में आए । बुढ़िया दयालु थी । दोपहर का समय था । वह खाने की तैयारी कर रही थी ।एक अपरिचित को देखकर वह बोली- , “ आओ बेटा , ठीक समय पर आए हो । थोड़ी खिचड़ी तुम भी खा लो । ” उसने आधा अंश एक अलग थाली में निकालकर शिवाजी के सामने रख दिया ।

१ हारकर शिवाजी कहाँ पहुँचे ?

(क) बुढ़िया के घर में (ख) राजा के महल में
(ग) बूढ़े के घर में (घ) अपने घर में

२ बुढ़िया का स्वभाव कैसा था ?

(क) हँसमुख थी (ख) मिलनसार थी
(ग) दयालु थी (घ) क्रूर थी

३ जब शिवाजी की हार हुई थी वह समय था -

(क) सुबह (ख) दोपहर
(ग) शाम (घ) रात

४ बुढ़िया किसकी तैयारी कर रही थी ?

(क) झाड़ू मरने की (ख) पढ़ने की
(ग) सोने की (घ) भोजन की

५ बुढ़िया ने शिवाजी को क्या खाने को दिया ?

(क) खिचड़ी (ख) पूरी
(ग) सब्ज़ी (घ) फल

……………………………………..